SJU Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, शनिवार 04 नवंबर 2023 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 39

## महत्वपूर्ण एवं खास

### डंपर ने भेड़ों को कुचला 16 की मौत, 20 से अधिक घायल

**चित्रकूट (आरएनएस)।** देवागना मार्ग में हवाईपट्टी के पास डंपर ने सडक़ से गुजर रही चालीस से अधिक भेड़ों को कुचलते हुए निकल गया। जिससे 16 भेड़ों की मौत घटना स्थल पर हो गई। जबकि 20 से अधिक भेड़ गंभीर रूप से घायल हो गई। ये घटना शुक्रवार की सुबह करीब नौ बजे हुई। बांदा जिले के सिंहपुर गांव एक चरवाहा देवांगना मार्ग भेड़ लेकर कहीं जा रही था। इसी बीच एक डंपर आया जो भेड़ों को कुचलता हुआ निकल गया। इस घटना से 16 भेड़ों की मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर मौके पर पुलिस पहुंचकर डंपर को पकड़ लिया। वहीं पशु विभाग के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे। घायल भेड़ों का इलाज किया। कोतवाल अजीत पांडेय ने बताया कि इस मामले में भेड़ मालिक ने अभी कोई लिखित तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने के बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

### बिहार में लुटेरों ने बैंक मैनेजर को गोली मारी, हालत गंभीर

**पटना (आरएनएस) ।** बिहार के जमुई जिले में एक ग्रामीण बैंक मैनेजर को गोली मार दी गई। जिससे वह घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक अधिकारी ने कहा कि पीड़ित को गोली लगी है और वह अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। घटना उस वक्त हुई जब पीड़ित वेद प्रकाश रेणुका बाइक से घर लौट रहे थे, तभी काली पहाड़ी पर कुछ अज्ञात लोगों ने उन्हें रोक लिया और लूटपाट की कोशिश में गोली मार दी। पीड़ित मुंगेर जिले के संग्रामपुर प्रखंड की रहने वाले हैं। वह जमुई के दिघी प्रखंड स्थित ग्रामीण बैंक में पदस्थापित हैं। घायल अवस्था में पीड़ित ने अपने सहकर्मी सतीश कुमार को घटना की जानकारी दी, जिन्होंने हेल्प लाइन नंबर 112 पर संपर्क किया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहूंची, लेकिन तब तक लुटेरे फरार हो चुके थे। जमुई के लक्ष्मीपुर थाने के प्रभारी राज्यवर्धन सिंह ने कहा, हमने बैंक मैनेजर को बचाया और उसे संग्रामपुर के एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उन्हें आगे के इलाज के लिए जेएलएन मेडिकल कॉलेज और अस्पताल मायागंज भागलपुर स्थानांतरित कर दिया गया। उनकी हालत गंभीर है। हम आरोपियों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास कर रहे हैं।

### पत्नी से विवाद के बाद शख्स बना हैवान, सात वर्षीय बेटी का सिर धड़ से किया अलग

**पटना (आरएनएस)।** बिहार में एक भयावह घटना सामने आई है। खगडिय़ा में एक व्यक्ति ने अपनी ही 7 वर्षीय बेटी का सिर काट दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। जिला पुलिस आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाब रही।.पुलिस ने बताया कि आरोपी का अपनी पत्नी से कुछ विवाद चल रहा था और गुस्से में आकर उसने इस वारदात को अंजाम दिया। आरोपी अनुरुद्ध मुनि एक प्रवासी मजदूर है और हाल ही में घर लौटा है। उसका अपनी पत्नी ममता देवी से झगड़ा चल रहा था। बाद में वह बच्चों को अपनी मां के घर चली गई। सुबह करीब 4.30 बजे लडक़ी अपने दो भाइयों संजीव और मंजीत के साथ घर के गेट के पास सो रही थी, तभी पिता ने धारदार हथियार से उसका सिर धड़ से अलग कर दिया। अपराध को अंजाम देने के बाद अनिरुद्ध मौके से भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन वहां बड़ी संख्या में लोगों के जमा हो जाने के कारण वह भागने में असफल रहा।

# ईडी की बड़ी कार्यवाई : छत्तीसगढ़ में महादेव एपीपी प्रमोटर्स के 3.12 करोड़ रुपए नकद जब्त किए



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव से पहले एक बड़ी कार्रवाई में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने महादेव ऑनलाइन बुक्स (एमओबी) घोटाला मामले में 3.12 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की। ईडी के अनुसार, इसकी जांच से पता चला है कि महादेव ऐप के प्रमोटरों द्वारा छत्तीसगढ़ में बड़ी मात्रा में नकदी ले जाया जा रहा था। सूत्रों ने बताया कि इनपुट के बाद ईडी ने महादेव ऐप के एक कूरियर को सफलतापूर्वक रोक लिया, जिसे एक राजनीतिक दल के चुनाव खर्च के लिए बड़ी मात्रा में नकदी पहुंचाने के लिए संयुक्त अरब अमीरात से भेजा गया था।

सूत्रों ने बताया कि ईडी की जांच में कुछ बड़े राजनीतिक नेताओं और सरकारी अधिकारियों के नाम सामने आए हैं। ईडी एमओबी सट्टेबाजी ऐप की जांच कर रहा है, जो अवैध सट्टेबाजी वेबसाइटों को नए उपयोगकर्ताओं को नामांकित करने, उपयोगकर्ता आईडी बनाने और बेनामी बैंक खातों के एक स्तरित वेब के माध्यम से धन की हेराफेरी करने में सक्षम बनाने के लिए ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म की व्यवस्था करने वाला एक प्रमुख सिंडिकेट है।

15 सितंबर को ईडी ने कहा था कि उसने मामले के सिलसिले में कोलकाता, भोपाल और मुंबई में तलाशी के बाद 417 करोड़ रुपये जब्त किए हैं। एक बयान में वित्तीय जांच एजेंसी ने कहा था कि उसने हाल ही में कोलकाता, भोपाल, मुंबई आदि में महादेव ऐप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क के खिलाफ व्यापक तलाशी ली और 417 करोड़ रुपये जब्त करने के अलावा बड़ी मात्रा में आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए।

## राजस्थान में जल जीवन मिशन से जुड़े ठिकानों पर छापेमारी

**जयपुर (आरएनएस)।** राजस्थान में एक बार फिर ईडी एक्शन में है। जल जीवन मिशन घोटाला मामले को लेकर शुक्रवार सुबह ईडी की टीम ने राजस्थान में 25 जगहों पर छापेमारी की। जानकारी के मुताबिक ईडी जल जीवन मिशन परियोजना में कथित अनियमितताओं के संबंध में तलाशी ले रही है। यह छापेमारी जयपुर में 25 ठिकानों पर छापेमारी की गई है, जिसमें आईएएस सुबोध अग्रवाल के ठिकाने भी शामिल हैं।

इस छापेमारी पर सीएम गहलोत ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा, 'क्या इतने बड़े देश में आर्थिक अपराध नहीं हो रहे हैं? एजेंसियों को वहां ध्यान देना चाहिए। ईडी का ध्यान सिफऱ् राजनेताओ पर जा रहा है। हमारे अध्यक्ष डोटासरा व मेरे पुत्र के पास कुछ नहीं मिला ईडी को, सरकार गिराने के लिए ईडी का उपयोग करना ग़लत है। चुनाव जीतने के लिए ईडी सीबीआई के ज़रिए घिनौनी राजनीति हो रही है।' आपको बता दें कि कुछ दिन पहले ही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जहां राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को पेश होने का समन जारी किया था तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस प्रमुख गोविंद सिंह डोटासरा के जयपुर स्थित आवास पर छापेमारी की थी।

## तमिलनाडु में आयकर विभाग ने पीडब्लूडी मंत्री के 40 से अधिक ठिकानों पर की रेड

**चेन्नई (आरएनएस)।** आयकर विभाग के अधिकारियों ने कथित कर चोरी की शिकायतों पर शुक्रवार सुबह तमिलनाडु के लोक निर्माण मंत्री (पीडब्ल्यूडी) एवं सत्तारूढ़ द्रमुक के कद्दावर नेता ई.वी. वेलु के घर, कॉलेज और चेन्नई समेत 40 से ज्यादा जगहों पर तलाशी ली। साथ ही आईटी ने पीडब्लूडी से जुड़े ठेकेदारों के ठिकानों पर भी छापेमारी की। आयकर विभाग ने कहा कि छापेमारी जारी है। विभाग ने प्रारंभिक रिपोर्टों में कहा है कि चेन्नई और मंत्री के पैतृक तिरुवन्नामलाई जिले में 10 से अधिक ठिकानों पर एक साथ छापेमारी जारी है, जिसमें उनके द्वारा संचालित शैक्षणिक संस्थान भी शामिल हैं। बता दें कि द्रमुक नेता वेलु तमिलनाडु सरकार में लोक निर्माण राज्यमंत्री हैं। 6 बार के विधायक वेलु इससे पहले राज्य के खाद्य आपूर्ति मंत्री रह चुके हैं।

## धूप और अगरबत्ती बनाने वाली फैक्ट्री में लगी भीषण आग, फायर बिग्रेड ने पाया काबू


**गाजियाबाद (आरएनएस)।** गाजियाबाद में बीती देर रात तकरीबन 3 बजे फायर स्टेशन को सूचना मिली की धूप और अगरबत्ती बनाने वाली एक फैक्ट्री में भीषण आग लग गई है। सूचना के बाद मौके पर फायर ब्रिगेड की तीन गाडिय़ां रवाना की गई। 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

आग लगने की इस घटना में कोई जन हानि नहीं हुई है, लेकिन लाखों का माल जलकर राख हो गया। इस फैक्ट्री में फायर फाइटिंग के उपकरण नदारद मिले। सीएफओ से मिली जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार रात 3 बजे लोनी फायर स्टेशन, पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पर लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र की सेवा धाम पुलिस चौकी क्षेत्र में कृष्णा विहार कॉलोनी, फेज 2 (फैक्ट्री संचालक का नाम - अमित शर्मा) में संचालित धूप एवं अगरबत्ती का निर्माण करने वाली फैक्ट्री में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई।

सूचना प्राप्त होते ही तत्काल दो फायर टेंडर, फायर सर्विस यूनिट लोनी फायर स्टेशन से रवाना हुए और एक फायर टेंडर साहिबाबाद फायर स्टेशन से भी घटनास्थल के लिए रवाना की गई। तीनों फायर टेंडर के साथ फायर सर्विस यूनिटस ने मौके पर पहुंचकर देखा कि लगभग 100 वर्ग मीटर में बने दोमंजिला भवन के भू एवं प्रथम दोनों तलों पर आग लगी हुई है। पहुंच मार्ग अत्यन्त खराब होने के कारण फायर टेंडर घटनास्थल से 100 मीटर दूरी पर खड़ा कर वहीं से होज लाईन बिछाकर पम्पिंग कार्य शुरू कर आग बुझाने का काम शुरू किया गया। इस अग्निकांड में किसी भी व्यक्ति को कोई हानि नहीं पहुंची है। इस फैक्ट्री में मानकों के अनुसार अग्निशमन की कोई व्यवस्था स्थापित नहीं थी। 2 घंटे की कड़ी मशक्त के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

## सीतारमण ने श्रीलंकाई राष्ट्रपति से की मुलाकात, मदद का दिया आश्वासन

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने द्वीप राष्ट्र की अपनी यात्रा के दौरान श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात की और कई मुद्दों पर चर्चा की।



बैठक के बाद बीती देर रात एक पोस्ट में वित्त मंत्रालय ने बताया कि विक्रमसिंघे ने आर्थिक संकट के दौरान भारत द्वारा श्रीलंका को दिए गए बहुआयामी समर्थन को स्वीकार किया।

सीतारमण ने कहा कि भारत ऋण पुनर्गठन से संबंधित मामलों पर श्रीलंका सरकार के साथ सहयोग करना जारी रखेगा।

उन्होंने आर्थिक और वाणिज्यिक क्षेत्र में भारत-श्रीलंका की संयुक्त पहल पर चर्चा की।

सीतारमण ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जुलाई 2023 में उनकी भारत यात्रा के दौरान अपनाया गया आर्थिक साझेदारी पर विजन दस्तावेज़ देशों की समुद्री, वायु, डिजिटल, ऊर्जा और लोगों से लोगों की कनेक्टिविटी को और मजबूत करेगा।

वित्त मंत्री ने श्रीलंका में भारतीय मूल के तमिलों के आगमन की 200वीं वर्षगांठ समारोह में सम्मानित अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए श्रीलंकाई राष्ट्रपति को धन्यवाद दिया और कार्यक्रम के उत्कृष्ट आयोजन के लिए उनकी सराहना की।

राष्ट्रपति विक्रमसिंघे ने पर्यटन, स्थिरता, कृषि आधुनिकीकरण और डिजिटलीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए एक नई बाजार अर्थव्यवस्था बनाने के श्रीलंका के दृष्टिकोण पर जोर दिया और इन क्षेत्रों में भारत के साथ सहयोग का स्वागत किया।

सीतारमण ने पेशकश की कि भारत तकनीकी सहयोग के माध्यम से इस पहल में प्रमुख भागीदार बन सकता है।

उन्होंने आर्थिक और प्रौद्योगिकी सहयोग समझौते और यूपीआई आधारित डिजिटल भुगतान पर हाल की बातचीत में हुई प्रगति पर भी संतोष व्यक्त किया और निवेश आधारित समर्थन और द्विपक्षीय निवेश संधि पर अपने विचार साझा किए।

उन्होंने मन्नार में इंटर-ग्रिड कनेक्टिविटी, विमानन, बिजली परियोजनाओं, तेल अन्वेषण में सहयोग पर भी चर्चा की।

भारत और श्रीलंका के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों की निरंतर परंपरा में, सीतारमण और विक्रमसिंघे भारत और श्रीलंका के बीच बौद्ध धर्म संबंधों को बढ़ावा देने के लिए समझौता ज्ञापन पर विनिमय पत्र और स्वीकृति के आदान-प्रदान के गवाह बने।

उन्होंने श्रीलंका में धार्मिक स्थलों के सौर विद्युतीकरण पर समझौता ज्ञापन का आदान-प्रदान भी देखा। इस परियोजना के लिए, भारत बौद्ध संबंधों को बढ़ावा देने के लिए निर्धारित भारत सरकार की 107.47 करोड़ रुपये की अनुदान सहायता में से 82.40 करोड़ रुपये आवंटित करेगा।

## एससी/एसटी एक्ट में मौत की सजा के प्रावधान के खिलाफ याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को नोटिस, मांगा जवाब

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को एससी/एसटी अधिनियम के अनिवार्य मौत की सजा के प्रावधान को चुनौती देने वाली याचिका पर विचार करने के लिए सहमत हो गया। सीजेआई डी.वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की खंडपीठ ने केंद्र को नोटिस जारी किया और अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 3(2)(द्व) की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिका पर जवाब मांगा।

अधिनियम का विवादित प्रावधान केवल उस व्यक्ति को मौत की सजा का प्रावधान करता है जो एससी और एसटी के किसी निर्दोष सदस्य के लिए झूठे साक्ष्य देता है या गढ़ता है और यदि ऐसे निर्दोष सदस्य को ऐसे झूठे या मनगढ़ंत साक्ष्य के परिणामस्वरूप दोषी ठहराया जाता है और फांसी दी जाती है।

अधिवक्ता ज्योतिका कालरा के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है, यह धारा न्यायिक विवेक का प्रयोग किए बिना अनिवार्य मौत की सजा का आदेश देती है और इसलिए इसे भारत के संविधान और संवैधानिक कानून के मौलिक सिद्धांतों के दायरे से बाहर होने के कारण रद्द करने की जरूरत है। इसमें कहा गया है कि अनिवार्य मृत्युदंड सीधे तौर पर मि_ बनाम पंजाब राज्य और पंजाब राज्य बनाम दलबीर सिंह के मामलों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णयों का उल्लंघन है। विवादित धारा बिना किसी विकल्प के अनिवार्य रूप से मृत्युदंड प्रदान करती है। संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत सभी को जीवन का अधिकार हासिल है।

### मुख्य न्यायाधीश ने अदालत में तारीख पे तारीख पर जताई चिंता

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ ने शुक्रवार को बार के सदस्यों से अनुरोध किया कि वे तब तक स्थगन न मांगें जब तक कि वास्तव में आवश्यक न हो। उन्होंने एक महीने में 3,688 स्थगन पर चिंता जताई। शीर्ष अदालत में स्थगन की मांग के कारण होने वाली देरी पर चिंता व्यक्त करते हुए सीजेआई ने कहा कि यह अदालत तारीक पे तारीख नहीं बन सकता। सीजेआई ने कहा कि इससे हमारी अदालत पर नागरिकों का भरोसा खत्म होता है। उन्होंने बार के सदस्यों से अनुरोध किया कि वे तब तक स्थगन पर्ची दाखिल न करें, जब तक कि बहुत आवश्यक न हो। यह कहते हुए कि वह व्यक्तिगत रूप से मामलों की पहली सुनवाई के दाखिलों की निगरानी कर रहे हैं, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अवधि कम से कम हो, सीजेआई ने कहा कि दिन में 178 स्थगन पर्चियां थीं। 1 से 3 सितंबर तक औसतन प्रति विविध दिन पर कुल 154 स्थगन परिचालित किए गए। उन्होंने बताया कि सितंबर से अक्टूबर तक 3,688 स्थगन पर्चियां प्रसारित की गईं। वहीं, सितंबर से अब तक 2361 मामले बताए जा चुके हैं। हर दिन औसतन 59 मामलों का जिक्र हो रहा है। सीजेआई ने कहा, एक तरफ मामलों को त्वरित आधार पर सूचीबद्ध किया जाता है, दूसरी तरफ उनका उल्लेख किया जाता है, फिर सूचीबद्ध किया जाता है और फिर उन्हें स्थगित कर दिया जाता है। सीजेआई ने कहा, यह दाखिल करने और सूचीबद्ध करने के उद्देश्य को विफल कर देता है।

## कॉलेज छात्रा का आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने के मामले में तीन गिरफ्तार

**रांची (आरएनएस)।** झारखंड के चाईबासा जिले के किरिबुरू में एक कॉलेज छात्रा का आपत्तिजनक वीडियो बनाकर वायरल करने के मामले में पुलिस ने तीन युवकों को शुक्रवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले में मुख्य आरोपी अब भी फरार है। पीड़िता की थाने में लिखित शिकायत की थी कि वह ओडिशा में पढ़ाई कर रही थी, तब एक युवक के साथ उसका प्रेम संबंध विकसित हो गया। बाद में किन्हीं वजहों से उससे संबंध खत्म हो गया, लेकिन युवक ने निजी क्षणों के आपत्तिजनक वीडियो के आधार पर उसे ब्लैकमेल करने की कोशिश की।



उसने और उसके साथ दोस्तों ने यह वीडियो कई लोगों के पास भेज दिया। इससे उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा और इज्जत पर गहरा आघात पहुंचा है। समाज में बदनामी के डर से उसके मन में आत्महत्या का विचार आ रहा है। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस ने लगभग आधा दर्जन से अधिक लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

जांच के बाद तीन आरोपियों कान्हा मुखी, दिनेश दास उर्फ राजू एवं शुभम प्रसाद को आईटी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस घटना में शामिल मुख्य आरोपी अभी भी पुलिस गिरफ्त से बाहर है।

## पत्नी की हत्या के बाद लाश दफनाकर दर्ज कराई गुमशुदगी की रिपोर्ट, कुत्ते की वजह से हुआ वारदात का खुलासा

**रांची (आरएनएस)।** रांची में एक शख्स ने पत्नी की हत्या कर लाश को दफना दिया और इसके पांच दिनों के बाद थाने में जाकर उसके लापता होने की रिपोर्ट लिखा दी। एक हफ्ते के बाद एक कुत्ते की वजह से वारदात की पूरी कहानी सामने आ गई और पुलिस ने हत्यारे पति को गिरफ्तार कर लिया। उसने अपना जुर्म भी कबूल कर लिया है। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

वारदात रांची अनगड़ा थाना क्षेत्र के जिंतुबेड़ा की है। पुलिस ने जो खुलासा किया है, उसके मुताबिक जिंतुबेड़ा निवासी शंकर महतो का विवाह डेढ़ साल पहले रांची पिठोरिया थाना क्षेत्र के सिद्दी, चंदवे निवासी सविता के साथ हुआ था। शंकर अक्सर शराब के नशे में रहता था। विरोध करने पर वह सविता के साथ मारपीट करता था।

20 अक्टूबर को सविता और शंकर एक साथ अपने खेत पर काम करने गए थे। इसी दौरान शंकर शराब पीने के लिए जाने लगा। सविता ने उसे शराब पीने से रोका तो शंकर ने गुस्से में आकर सविता के सिर पर लाठी से प्रहार कर दिया। सविता की मौके पर ही मौत हो गई। खेत के आस-पास कोई नहीं था। शंकर ने खेत के किनारे




गड्ढा खोदकर शव को दफना दिया और ऊपर से मिट्टी डाल दी। इसके बाद शंकर अपने परिवार के लोगों को उसके लापता होने की सूचना देकर परेशान होने को स्वांग रचता रहा।

इतना ही नहीं, उसने बीते 25 अक्टूबर को अनगड़ा थाना में पत्नी के गुम होने की रिपोर्ट दर्ज करायी। 2 नवंबर की शाम को एक कुत्ते को खेत के पास पंजों से मिट्टी खोदते देख एक व्यक्ति की निगाह मिट्टी से बाहर निकले इंसानी शव के पैर पर पड़ी। कई ग्रामीण जुट आए और तब पुलिस को सूचना दी गई। अनगड़ा के सीओ राजू कमल की मौजूदगी में देर रात पुलिस ने शव को गड्ढे से बाहर निकाला। शव की पहचान सविता के रूप में होते ही पुलिस ने शंकर को पकडक़र पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल की गई लाठी और कुदाल भी बरामद कर ली है।

## एमएसपी पर सरकार ने खरीदा 161.47 लाख टन धान

❒ **521.27 लाख टन चावल खरीदने का है लक्ष्य**



**नई दिल्ली ।** सरकार ने बताया कि एक नवंबर तक 161.47 लाख टन धान की खरीद की गई है, जिससे लगभग 9.33 लाख किसानों को 35,571.14 करोड़ रुपये के एमएसपी मूल्य का लाभ हुआ है। सरकार ने कहा कि वर्ष 2023-24 के अक्टूबर से सितंबर तक चलने वाले खरीफ विपणन सत्र में खरीद कार्य सुचारू रूप से आगे बढ़ रहा है।

**सरकार ने खरीदे 521.27 लाख टन चावल-** मंत्रालय का लक्ष्य खरीफ विपणन सत्र में 521.27 लाख टन चावल खरीदने का है, जिसमें से 20.76 प्रतिशत (108.23 लाख टन) पहले ही पंजाब, हरियाणा और तमिलनाडु से खरीदा जा चुका है। इसमें कहा गया है कि पंजाब से लगभग 66.42 लाख टन, हरियाणा से 36.11 लाख टन और तमिलनाडु से 3.26 लाख टन खरीदा गया है। धान की खेती खरीफ और रबी दोनों मौसमों में की जाती है। देश के कुल चावल उत्पादन का लगभग 80 प्रतिशत हिस्सा खरीफ मौसम से आता है।

**ई-नीलामी का 19वें दौर-** भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने ई-नीलामी के 19वें दौर में बफर स्टाक से थोक उपभोक्ताओं को 2.87 लाख टन गेहूं बेचा है। सार्वजनिक क्षेत्र का भारतीय खाद्य निगम गेहूं और चावल जैसी प्रमुख वस्तुओं की खुदरा कीमतों को नियंत्रित करने के लिए 28 जून से साप्ताहिक ई-नीलामी के माध्यम से मुक्त बाजार बिक्री योजना के तहत आटा मिल मालिकों और छोटे व्यापारियों जैसे थोक खरीदारों को केंद्रीय पूल से गेहूं और चावल बेच रहा है।

एक नवंबर को आयोजित 19वीं ई-नीलामी में बेचे गए गेहूं की मात्रा थोड़ी अधिक रही क्योंकि एफसीआई ने ओएमएसएस के तहत बोली की मात्रा बढ़ाकर 200 रुपये टन कर दी। खाद्य मंत्रालय ने बयान में कहा, इसके चलते ई-नीलामी में 2,389 बोलीदाताओं को 2.87 लाख टन गेहूं बेचा गया है। उचित और औसत गुणवत्ता वाले गेहूं के लिए भारित औसत बिक्री मूल्य 2,291.15 रुपये प्रति क्विटल था, जबकि आरक्षित मूल्य 2,150 रुपये प्रति क्विटल था।